**IDUKKI REVENUE DISTRICT**

# SECOND TERMINAL EVALUATION 2011-12

## HINDI

**IDK 1009** **STD :X**

**TIME :1.5 HOURS** **SCORE : 40**

1. **उपन्यास का यह अंश पढ़ें।**

"रोगियों को बचाने का काम न डॉक्टर का है, न दवाओं का, वह प्रभु का है।" पूरा घंटा बीत गया। पर किसी को पता नहीं चला। देवदास को लगा कि एक आँधी उभरी और थम गई।

**1.1 यह किसका कथन है?** 1

**(देवदास का, प्रो.डी.कुमार का, ट्यूटर का)**

**1.2 एनॉटमी हाल के अनुभव के बारे में देवदास ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह पन्ना लिखें।** 4

**उपन्यास का यह अंश पढ़ें।**

"प्रभु ने इन्हें हमारी मदद के लिए भेजा है। मरने के बाद भी ये लोग अपनी जाति के काम आते हैं।"

2. **यहाँ अवयवदान की महिमा बताई गई है। अवयवदान के महत्व की सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।** 3

**निम्नलिखित अंश पढ़ें।**

गोपाल अपने बच्चे का Vaccination कराने Hospital पहुँचा। नर्स ने कहा पहले Temparature देखें। बाद में Laborotary जाकर खून की जाँच कराकर आएँ।

3. **अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर हिंदी पारिभाषिक शब्द जोड़कर खंड का पुनर्लेखन करें।** 2

**यह अंश पढ़ें।**

"घर के सामने एक छोटा बगीचा है। उसमें हरे पत्तों के बीच रंगबिरंगे फूल खिले थे। कहीं से एक नटखट बंदर आया। फूलों को तोड़ डाला।"

4. **विशेषण शब्द चुनकर लिखें।** 2

**साक्षात्कार का यह अंश पढ़े।**

"यह पुरस्कार सही मौके पर मिला है। हमें उम्मीद है कि इससे मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान से स्थानीय स्तर पर भी हमारे काम को सराहना मिलेगी। लेकिन अभी हमें बहुत कुछ करना है।"

5. **मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ. वी.शांता जी को बधाई देते हुए पत्र लिखें4**

"नई जीवन - शैली की वजह से हमारे देश में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है।"

6. **आप की राय में कैंसर पीड़ितों की संख्या बढ़ने के क्या - क्या कारण हो सकते हैं?** 2

"यह बात फैलते - फैलते अखबार वालों तक
इस तरह पहुँची कि किसी ने नगर की
संकरी गंदी गली में रोता हुआ बच्चा छोड़ दिया है।"

7. **अगले दिन के समाचार पत्र में यह समाचार कैसे आया होगा? लिखें।** 4

**कहानी का यह अंश पढ़ें।**

"डौली पिल्लों को खोजती ही फिरी। आखिर मेहतर से उसे मालूम हो गया कि वे गरम पानी में डुबोकर मार डाले गए हैं।"

8 **इस प्रसंग पर डौली और आया के बीच का वार्तालाप तैयार करें।** 4

9 **'आदमी का बच्चा' नामक कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।**

- डौली को घर में अकेलापन महसूस होती है।
- माली के बच्चे की मृत्यु से डौली दुखी होती है।
- डौली को माली के बच्चों के साथ खेलने से मना करती है।
- मैनेजर साहब के बच्चों के साथ डौली को खेलने भेजती है।
- डौली पिल्लों के साथ खेलना पसंद करती है।
- पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा देते हैं। 3

10 संशोधन करें।

**माली का नए बच्चे के रोने के आवाज़ आधी रात की, दुपहर में आने लगती। मिसेस बग्गा में यह बहुत बुरा लगता।** 2

11 **निम्नांकित जीवन वृत्त पढ़ें और शकुंतला की जीवनी तैयार करें।**

| | | |
|---|---|---|
| नाम | - | शकुंतला (सकुबाई) |
| पिता | - | तुकाराम जामड़े |
| माँ | - | लक्ष्मी |
| भाई-बहन | - | नितिन, वासंती |
| मातृभाषा | - | मराठी |
| पेशा | - | नौकरानी |
| शैक्षिक स्थिति | - | अनपढ़ |
| परिवार | - | एक बेटी |

4

**12. मान लें, आप के स्कूल में 'सकुबाई' नाटक का मंचन हो रहा है। मंचन की सूचना देते हुए उद्घोषणा तैयार करें।** 2

13 कविता का अंश पढ़ें, प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गली में आया एक बच्चा
आठ-दस साल का
ठंड में ठिठुरता हुआ
पीपनी बजाकर
गुब्बारे बेचता हुआ।
मुझे प्यार आता है उस बच्चे पर
रोज़-रोज़ आए
यह बच्चा मेरी गली में।

1. **कवि को बच्चे पर क्यों प्यार आ रहा था?** 1
   **(बच्चे की विवशता देखकर, बच्चे का सौंदर्य देखकर, बच्चे की आवाज़ सुनकर)**
2. **कवितांश का भाव लिखें।** 2